संख्या-23/2015/1044 /26-3-2015-9(82)/2000

प्रेषक,

विजय प्रसाद त्रिपाठी
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

सचिव,
उ0प्र0 अनुसूचित जाति एवं
अनुसूचित जनजाति आयोग,
इन्दिरा भवन, लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊः दिनांकः 10 अप्रैल, 2015

विषयः- चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में अनुदान संख्या-80 की आयोजनेत्तर पक्ष की योजनाओं हेतु धनराशियों की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-02(सा0)दो-लेखा/72786/बजट/आ0/2014 दिनांक 07-04-2015 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक 30 मार्च 2015, जो समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उ0प्र0 को भी पृष्ठांकित है, द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में वित्तीय स्वीकृतियां निर्गत किये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं, जिसके अधीन अनुदान संख्या-80 की आयोजनेत्तर पक्ष की योजना अनुसूचित जाति तथा जनजाति आयोग के अन्तर्गत चालू कार्यक्रमों पर व्यय किये जाने हेतु निम्न विवरण के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में खर्चो को वहन करने के लिए रू0 3,31,44000/-(रूपये तीन करोड़ इकत्तीस लाख चैवालिस हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त कर निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन व्यय किये जाने हेतु आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

**अनुदान संख्या-80 आयोजनेत्तर (धनराशि हजार रूपयों में)**

| योजना/मद का नाम आय-व्ययक प्राविधान 2015-16 स्वीकृत की जा रही धनराशि | | |
|---|---|---|
| 2225-अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण-01-अनुसूचित जातियों का कल्याण-800-अन्य व्यय- | | |
| 07-अनुसूचित जाति तथा जन जाति आयोग- | | |
| 20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन)- | 9850 | 4925 |
| 31-सहायत अनुदान-सामान्य (वेतन)- | 28219 | 28219 |
| **कुल योग** | **38069** | **33144** |

(रूपये तीन करोड़ इकत्तीस लाख चैवालिस हजार मात्र)

(1) आयोग द्वारा मितव्ययिता संबंधी मदों में व्यय हेतु समय-समय पर निर्गत निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा तथा इन मदों में बचत तथा अनुदान के उपयोग की सूचना यथासमय शासन को उपलब्ध करायी

http://shasanadesh.up.nic.in

जायेगी। उक्त स्वीकृत अनुदान पर अनुदान नियमावली में उल्लिखित नियम लागू होगें। अनुदान के अन्तर्गत होने वाले सम्भावित व्यय की फेजिंग कार्य की प्रकृति एवं अवसर के अनुसार कर लें, जहां तक सम्भव हो, व्यय की फेजिंग प्रतिमाह समान रूप से की जाय। योजनाओं में कोषागार से धनराशि का आहरण तत्काल आवश्यकता होने पर ही किया जाय।

(2) उपर्युक्त स्वीकृति की जा रही धनराशि तथा वित्तीय वर्ष 2014-15 में स्वीकृत धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र नियमानुसार महालेखाकार एवं शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(3) उपर्युक्त धनराशि व्यय किये जाने के संबंध में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गई शर्तोंकी पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानकों (स्टैण्डर्ड्स आफ फाइनेन्शियल प्रोप्राइटी) का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाए।

(4) उपर्युक्त स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष व्यय किये जाने से पूर्व वित्त(आय- व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक 30 मार्च 2015 में निहित निर्देशों/प्रतिबन्धों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- उक्त मदों पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-80 के लेखाशीर्षक-2225-अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गो का कल्याण-आयोजनेत्तर-01-अनुसूचित जातियों का कल्याण-800-अन्य व्यय- 07-अनुसूचित जाति तथा जनजाति आयोग-20-सहायता अनुदान-सामान्य(गैर वेतन) एवं 31-सहायता अनुदान-सामान्य(वेतन) के नामे डाला जायेगा।

यह आदेश वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2 /2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक 30 मार्च 2015, द्वारा प्रशासकीय विभागों को दिये गये दिशा-निर्देशों के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

विजय प्रसाद त्रिपाठी
अनु सचिव

संख्या-23/2015/1044 /26-3-2015-9(82)/2000तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी),प्रथम/द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा)प्रथम/द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- निदेशक, समाज कल्याण उ0प्र0, लखनऊ।
5- अध्यक्ष, उ0प्र0 अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
7- निदेशक एन0आईसी0 योजना भवन, लखनऊ।
8- सलाहकार, समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।
9- गार्डफाइल/इन्टरनेट प्रति।

आज्ञा से,

विजय प्रसाद त्रिपाठी
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

http://shasanadesh.up.nic.in